सप्तदश बिहार विधान सभा

षष्ठम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–06 बुधवार, दिनांक–24 अगस्त, 2022 ई०।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 11:23 बजे पूर्वाह्न तक।

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक संबोधन

यथा संलग्न।

तदुपरान्त सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक स्थगित करने से पूर्व बहुमत का सम्मान करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय ने अपने पद से इस्तीफा दिया तथा माननीय अध्यासी सदस्य श्री नरेन्द्र नारायण यादव को आज के लिए सूचीबद्ध कार्यों के निष्पादन हेतु आसन पर आने का अनुरोध किया।

तत्पश्चात सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 02.05 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री नरेन्द्र नारायण यादव ने आसन ग्रहण किया)

माननीय अध्यासी सदस्य, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा आसन ग्रहण के उपरान्त यह कहा गया कि जब अध्यक्ष का पद खाली है और सदन में उपाध्यक्ष महोदय बैठे हुए हैं, इसलिए सदन में अध्यासी सदस्य का आसन पर बैठकर सदन का संचालन करना भारतीय संविधान के प्रावधान के विरूद्ध होगा। क्योंकि भारत के संविधान के अनुच्छेद 180 में यह उल्लिखित है कि जब अध्यक्ष का पद रिक्त है तब उपाध्यक्ष, या यदि उपाध्यक्ष का पद भी रिक्त है तो विधान सभा का ऐसा सदस्य, जिसको राज्यपाल इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करे, उस पद के कर्त्तव्यों का पालन करेगा। वर्तमान स्थिति में सदन में अध्यक्ष का पद रिक्त है एवं माननीय उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा सदन में मौजूद हैं इसलिए संविधान के अनुच्छेद के आलोक में मैं माननीय उपाध्यक्ष महोदय से ही सदन की कार्यवाही का संचालन करने हेतु अनुरोध करता हूँ।

तदुपरान्त माननीय उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया।

[2] कार्यमंत्रणा समिति का गठन

माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के षष्ठम सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया:–

1.	उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा	सभापति
2.	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	सदस्य
3.	श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री	सदस्य
4.	श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग	सदस्य

5. श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री — सदस्य
6. श्री आलोक कुमार मेहता, मंत्री — सदस्य
7. श्री तार किशोर प्रसाद, स०वि०स० — सदस्य
8. श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० — सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री जीतन राम मांझी, स०वि०स० — सदस्य
2. श्री महबूब आलम, स०वि०स० — सदस्य
3. श्री राम रतन सिंह, स०वि०स० — सदस्य
4. श्री अजय कुमार, स०वि०स० — सदस्य
5. श्री प्रेम कुमार, स०वि०स० — सदस्य

नियमानुसार उपाध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

[3] कार्यमंत्रणा समिति की बैठक

आसन से घोषणा की गयी कि बैठक की समाप्ति के तुरंत बाद अध्यक्षीय कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी।

तदुपरान्त सभा की बैठक 02:20 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई।

स्थगनोपरान्त

(02.20 बजे अपराह्न से 05.13 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

माननीय सदस्य श्री तार किशोर प्रसाद ने प्रस्ताव किया कि आज दिनांक 24 अगस्त, 2022 के कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन पर सभा की सहमति हो।

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज दिनांक 24 अगस्त, 2022 के कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में निम्न सिफारिश की है:–

"शुक्रवार दिनांक 26 अगस्त, 2022 को सभा की बैठक हो।"

कार्यमंत्रणा समिति के उक्त प्रतिवेदन पर सभा की सहमति हुई।

[5] माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विश्वास प्रस्ताव

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रस्ताव किया कि "यह सभा वर्तमान राज्य मंत्रिपरिषद में विश्वास व्यक्त करती है।"

तदुपरान्त विश्वास मत के प्रस्ताव पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

1. श्री तार किशोर प्रसाद, स०वि०स०
2. श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री
3. श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०
4. श्री संजीव चौरसिया, स०वि०स०
5. श्री महबूब आलम, स०वि०स०
6. श्री जीतन राम मांझी, स०वि०स०
7. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय उप मुख्यमंत्री
8. श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०
9. श्री अजय कुमार, स०वि०स०
10. श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०

तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इस प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक अपना पक्ष रखा।

इस दौरान विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

इसके उपरान्त विश्वासमत में मत विभाजन की प्रक्रिया अपनायी गयी जिसमें माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव "यह सभा वर्तमान राज्य मंत्रिपरिषद में विश्वास व्यक्त करती है" 160 के मुकाबले शून्य मतों से स्वीकृत हुआ।

[6] आसन की सूचना

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए महामहिम राज्यपाल द्वारा दिनांक 26.08.2022 की तिथि निर्धारित की गयी है।

तदुपरान्त सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 26अगस्त, 2022 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–24.08.2022

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।